### एक नजर में

## भूली बाई का निधन छाई शोक लहर



**सुठालिया 13 अक्टूबर, सं.** समाजसेवी शिक्षक एवं कर्माधाम घुरेल के पूर्व अध्यक्ष अमृतलाल साहू, जगदीश साहू, राधेश्याम साहू की पूज्य माताजी भूलीबाई साहू का 10 अक्टूबर को देवलोकगमन हो गया है. जिनकी सुठालिया मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार हुआ बडे बेटे अमृतलाल साहू ने मुखाग्नी दी. अंतिम विदाई में राजगढ़ जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सोंधिया, साहू समाज अध्यक्ष रामनारायण साहू, कर्माधाम घुरेल अध्यक्ष रामगोपाल साहू आरोन रहे. उनके तीनों पुत्रों द्वारा अपने पैतृक ग्राम हासरोद में अपनी माँ की अंतिम इच्छा के अनुसार ग्रामवासियों को धर्मशाला बनाने हेतु दान देने की घोषणा की. इस मौके पर गुना, राजगढ़, इंदौर, सुठालिया से मुरारीलाल पालीवाल व पार्षदगण सहित हजारों की संख्या में लोगों ने नम आंखों से विदाई दी.

## श्रीमति धापू कंवर सोनगरा का निधन



**झाडला 13 अक्टूबर, सं.** झाडला के ठा. सा .रतन सिंह सोनगरा (पहलवान साहब) की धर्मपत्नी धापू कँवर का प्रात काल 9 बजे निधन हो गया. उनके निधन से गांव और क्षेत्र में शोक की लहर छा गई. वह 65 वर्ष की थी. कुछ समय से स्वांस की बीमारी से पीड़ित थी. मिलनसार, व्यवहारिक और हंसमुख स्वभाव की श्रीमती धापू कुंवर अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गयी. उनके दो बेटे और तीन बेटियां है. उनका अंतिम संस्कार गांव के शमशान घाट किया गया. मुखाग्नि उनके पुत्र कमल सिंह सोनगरा, चेतन सिंह सोनगरा और परिवार जन ने दी. उनके अंतिम संस्कार में सैकड़ों समाजजन, रिश्तेदार और ग्रामीण ने शामिल हो कर भाव भीनी अंतिम बिदाई दी.

## पचास हजार की आर्थिक सहायता

**राजगढ़ 13 अक्टूबर, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा आवेदक प्रवीण शर्मा को रेडक्रॉस से पचास हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदाय की गई. आवेदक प्रवीण ने बताया कि आवेदक की पुत्री एसएमटू टाईप 2 नामक एक गंभीर बीमारी से पीड़ित है. इलाज का खर्चा अधिक होने के कारण ईलाज करवाने में असमर्थ है. साथ ही परिवार का भरण पोषण करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है.

# 5 महीने से नहीं मिला वेतन, नपाकर्मी हड़ताल पर

## ब्यावरा में आज से नपाकर्मीं रहेंगे हड़ताल पर, सीएमओ ने कहा हम 2 महीने का वेतन जल्द दे रहे हैं

**बैठक में लिया निर्णय, आज से हड़ताल पर बैठेंगे**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 13 अक्टूबर, का. नगर पालिका परिषद ब्यावरा के कर्मचारियों को बीते पांच माह से वेतन का भुगतान नहीं होने से काफी आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. रविवार की शाम कर्मचारियों की बैठक में मंगलवार से हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया. इस बीच यदि कोई सामंजस्य नहीं बनता है तो संभवत: आज से नपा कर्मचारी हड़ताल पर जा सकते है.**

कर्मचारी यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि के अनुसार पांच सूत्रीय मांगों को लेकर जिम्मेदारों को विगत दिवस ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने व अन्य मांगों से अवगत कराया गया था. उम्मीद थी कि हमारी मांगों को पूरा कर दिया जाएगा. किंतु मांगे पूरी नहीं होने पर अब मजबूरन मंगलवार से पूर्ण रूप से कामकाज बंद करके अनश्चितकालीन हड़ताल पर रहने का निर्णय लिया गया है.

### वरना कामकाज होगा ठप्प

जानकारी के अनुसार हड़ताल के दौरान शहर में स्ट्रीट लाइट, पेयजल सप्लाई, सफाई कार्य, कचरा वाहन सहित नपा ऑफिस में कार्य नहीं होंगे. ठीक त्यौहार के समय हड़ताल होती है तो इससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है. गौरतलब है कि रविवार की शाम को कर्मचारी यूनियन के जिला अध्यक्ष वीरू वाल्मीकि की उपस्थिति में स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला में बैठक हुई. जिसमें कहा गया कि सोमवार तक कोई भी लिखित जवाब नहीं आया तो मंगलवार से पूर्ण रूप से अनिश्चतकालीन हड़ताल शुरु कर दी जाएगी.

### विद्युत मोटर ठीक करने ले जा रहे भोपाल

पेयजल सप्लाई महत्वपूर्ण कार्य के प्रति कितनी गंभीरता बरती जा रही है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि ब्यावरा, कुशलपुरा या फिर घोड़ापछाड़ नदी पर नपा के पेयजल सप्लाई में लगी कोई विद्युत मोटर में खराबी आ जाती है तो उसको मरम्मत के लिए भोपाल ले जाया जा रहा है, इसमें कितना समय और पेयजल सप्लाई में विलंब हो रहा है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है .मोटर की मरम्मत हेतु भोपाल के ठेकेदार का कांट्रेक्ट हुआ है जिसके चलते खराब मोटरों को भोपाल सुधारने ले जाया जा रहा है.

**नोटिस देने की कार्यवाई की-** नपा के अनुसार संबंधित ठेकेदार को नोटिस देते हुए कहा है कि वह खराब विद्युत मोटरों को स्थानीय स्तर पर ही दुरस्त करने की व्यवस्था करें. यदि ठेकेदार द्वारा ऐसा नहीं किया जाता है तो नपा द्वारा इसको लेकर आगे की कार्यवाई की जाएगी. विद्युत मोटर फुंक जाने से अपना नगर, तुलसी नगर, शिवाजी नगर, रेलवे स्टेशन रोड, बखतपुरा सहित कई क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई हुए पांच दिन तक हो गये है. सोमवार की रात्रि को भोपाल से खराब विद्युत मोटर ठीक होकर आने के बाद उन्हें जलालपुरा इंटकवेल पर शिफ्ट किया. तत्पश्चात पेयजल सप्लाई बहाल हो सकी.

## मोटर फुंकने, कटौती से पेयजल सप्लाई पहुंची 9वें दिन



**ब्यावरा 13 अक्टूबर, का.** नगर में एक बार फिर पेयजल सप्लाई बाधित होने से नागरिकों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है. पेयजल सप्लाई का अंतराल बढ़कर 9 वें दिन पर जा पहुंचा है. ठीक त्यौहार के समय पेयजल सप्लाई का अंतराल बढ़ने से नागरिकों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है. जानकारी के अनुसार वर्तमान में पेयजल सप्लाई का अंतराल बढ़ने के पीछे घोड़ापछाड़ इंटकवेल की विद्युत मोटर खराब होने तथा बिजली कटौती को बताया जा रहा है. 13 अक्टूबर को पुनीत टॉकीज सुठालिया रोड, पिंजारा मोहल्ला, मैन मार्केट बाजार में पेयजल सप्लाई की गई यहां इसके पूर्व 4 अक्टूबर को पेयजल सप्लाई हो सकी थी. इस तरह पेयजल सप्लाई का अंतराल बढ़कर 9 वें दिन पर जा पहुंचा है. ताजा मामले में घोड़ापछाड़ नदी पर जलालपुरा स्थित इंटकवेल पर नपा की मौजूद 60-60 हॉर्स पॉवर की दोनों विद्युत मोटर 11 अक्टूबर को एकाएक फुंक गई. नपा के अनुसार पेयजल सप्लाई के कार्य में लगी विद्युत मोटरों में खराबी आने, मैंटेनेंस कार्य का ठेका करीब दो माह पूर्व भोपाल निवासी ठेकेदार का हुआ है. कोई विद्युत मोटर में खराबी आ जाती है तो उसकी मरम्मत के लिए खराब मोटर को वाहन द्वारा भोपाल ले जाया जाता है. इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि भोपाल आने-जाने में कितना समय लग जाता है और पेयजल सप्लाई व्यवस्था को सुचारु करने में कितना विलंब होता है.

## 12 घंटे में खोज निकाला गुमशुदा बालिका को

**बोडा 13 अक्टूबर, सं.** नगर से गुमशुदा नाबालिग बालिका को पुलिस ने मात्र 12 घंटे में दस्तयाब कर परिजनों को सुरक्षित सुपुर्द किया है. घटना 12 अक्टूबर की है. थाना बोडा पर एक फरियाद प्राप्त हुई कि एक नाबालिग बालिका शाम के समय से लापता है. रिपोर्ट पर थाना बोडा में अपराध क्रमांक 300/25 धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण, मोबाइल सर्विलांस एवं सीडीआर लोकेशन के आधार पर तत्काल खोज अभियान प्रारंभ किया. टीम द्वारा बमौरा सुखा थाना तलेन के पास से गुमशुदा नाबालिग बालिका को मात्र 12 घंटे में दस्तयाब कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए परिजनों को सुरक्षित सुपुर्द किया गया. इस त्वरित एवं सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी बोडा उनि देवेन्द्र राजपूत, सउनि मांगीलाल शिवहरे, प्रधान आरक्षक धन सिंह, दुष्यंत जाट, धर्मेंद्र जाटव, कपिल अटारिया एवं महिला आरक्षक सुमन सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा.



## तिलहन फसलों को बढ़ावा देने नि :शुल्क सरसों का वितरण

**ब्लॉक में 75 क्विंटल सरसों बीज बांटा जा रहा**

**राष्ट्रीय तिलहन विकास योजना से लहलहाएगी सरसों फसल**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 13 अक्टूबर, का. तिलहन फसलों को बढ़ावा देने शासन द्वारा किसानों को नि:शुल्क सरसों के बीज का वितरण किया जा रहा है. इससे जहां तिलहन फसल की पैदावार बढ़ेगी वहीं किसानों को एक अच्छी खासी आय की भी प्राप्ति हो सकेगी.**

जानकारी के अनुसार शासन द्वारा राष्ट्रीय तिलहन विकास योजना लागू की है जिसमें सरसों फसल के प्रति प्रोत्साहित कर तिलहन फसल का रकबा बढ़ाना है. इस योजनांतर्गत रबि सीजन में सरसों फसल की बोवनी हेतु ब्यावरा ब्लॉक में 75 क्विंटल सरसों बीज का वितरण किसानों को पूरी तरह नि:शुल्क किया जाना है.

### बेहतर उत्पादन, आय बढ़ेगी

कृषि विभाग के जानकारों के अनुसार जिस सरसों बीज का नि :शुल्क वितरण किया जा रहा है यह फसल 130 से 135 दिन में पककर तैयार हो जाती है. प्रति बीघा में इसका उत्पादन 5 से 6 क्विंटल होता है. सरसों के भाव भी अच्छे मिलने से आय में भी वृद्धि होगी.

### 4 किलो बीज मिलेगा

योजना के तहत प्रत्येक किसानों को 4 किलो सरसों बीज का नि :शुल्क वितरण किया जाना है. जिस सरसों बीज का वितरण किया जा रहा है सरसों की आर .एच. 761 वैरायटी है. ग्राम सेवकों के माध्यम से सरसों बीज का वितरण शुरु किया जा चुका है.

तिलहन फसलों को बढ़ावा देने राष्ट्रीय तिलहन विकास योजना के तहत ब्लॉक में 75 क्विंटल सरसों बीज का वितरण नि :शुल्क किया जाना है. इससे तिलहन फसलों का रकबा बढ़ेगा और अच्छी पैदावार, भाव मिलने से आय में भी वृद्धि होगी.

**एन .एस. हरियाले**
**वरिष्ठ कृषि अधिकारी, कृषि विभाग ब्यावरा**

## समस्याओं को लेकर हुई बैठक


**पीलूखेड़ी 13 अक्टूबर, सं.** ओसवाल डेनिम कॉन्फ्रेंस हाल में एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्री पीलूखेड़ी की मीटिंग मयंक बाजपेई वाइस प्रेसीडेंट मानव संसाधन ओसवाल डेनिम एवं महा सचिव एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्री पीलूखेड़ी के अध्यक्षता में के महा प्रबंधक एसके खरे, उप महा प्रबंधक रामपाल एवं एमपीईबी के अन्य अधिकारी के साथ सम्पन्न हुई. बैठक में पीलूखेड़ी के लगभग सभी छोटे एवं बड़े उद्योग के प्रतिनिधि उपस्थित थे. मुख्य चर्चा का विषय अनियमित विद्युत काटना, ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस, ट्रिपिंग समस्या का निदान, महा प्रबंधक श्री खरे ने सभी सम्माननीय सदस्यों को आश्वस्त किया जल्द ही समस्याओं का निकारकण किया के जाएगा. बैठक में मुंशी भगत उपाध्यक्ष, प्रभारी, दिनेश वानखेड़े ओसवाल डेनिम, राधाकृष्ण दहनी विंध्याचल डिस्टलरी, आलोक शर्मा महाकाल पशु आहार, मुकेश विश्वकर्मा, महेन्द्र श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष, अमित नायक, राजेंद्र गौर वैल्यू रिसाइकल, शाहिद पठान विषेश रुप से उपस्थित थे.


**नवभारत**
**एजेंसी देना है**

नवभारत भोपाल संस्करण अंतर्गत जिले के सण्डावता, मण्डावर, मलावर में समाचार प्रसार और विज्ञापन एजेंसी देना है.
पत्रकारिता के क्षेत्र में काम करने वाले इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें

नवभारत जिला कार्यालय ब्यावरा
9993866399



## गाडगंगा नदी में स्वच्छता नियमों का लगातार उल्लंघन



नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 12 अक्टूबर, सं.** खिलचीपुर स्थित गाडगंगा नदी में स्वच्छता नियमों का उल्लंघन लगातार जारी है. नगर परिषद द्वारा गणगौर घाट पर मछली पकड़ने, कपड़े धोने और गंदगी फैलाने पर 500 रुपए का जुर्माना लगाने के बावजूद, रविवार सुबह कई लोग नदी में मछली मारते और कपड़े धोते देखे गए. प्रशासन की उदासीनता के कारण ये नियम केवल कागजों तक ही सीमित रह गए हैं.

नगर परिषद खिलचीपुर ने गणगौर घाट पर एक बोर्ड लगाकर स्पष्ट चेतावनी दी थी. इस बोर्ड पर लिखा था कि स्वच्छता बनाए रखें. मछली पकड़ने, कपड़े धोने, वाहन धोने या किसी भी प्रकार की गंदगी करने पर 500 रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा. हालांकि इन नियमों को लागू कराने में नगर परिषद पूरी तरह विफल रही है. रविवार को कुछ लोग ट्यूब पर बैठकर मछली पकड़ रहे थे. जबकि अन्य छोटे पुलों पर जाल डाल रहे थे. इसके अलावा, कई महिलाएं नदी में कपड़े धोती भी नजर आईं. स्थानीय निवासी रमेश कुमार ने इस संबंध में चिंता व्यक्त करते हुए कहा, नियम तो बना दिए गए हैं, लेकिन उनकी निगरानी नहीं की जा रही है.



**दुर्घटना** | मध्य रात्रि को राजगढ़ रोड पर खुरी के समीप हुई घटना

# अनियंत्रित कार दुर्घटनाग्रस्त, 1 की मौत

**भोपाल से कार से लौट रहे थे राजस्थान निवासी**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 13 अक्टूबर, का. रविवार-सोमवार की मध्य रात्रि को राजगढ रोड पर खुरी के समीप हुई सड़क दुर्घटना में एक कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई. दुर्घटना में कार में सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गये. कार में सवार लोग राजस्थान निवासी है जो कि भोपाल से लौट रहे थे.**

देहात पुलिस के अनुसार बीती रात्रि करीब 2 बजे के आसपास खुरी के समीप कार क्रमांक आर.जे. 33, सी. बी.0046 अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई. देहात थाना प्रभारी धर्मेन्द्र शर्मा के अनुसार कार में सवार दानिश उम्र 21 वर्ष निवासी तलाव पाल खैराबाद जिला कोटा राजस्थान ने गंभीर चोट के चलते दम तोड़ दिया. जबकि कार में सवार चालक राजा उम्र 40 वर्ष निवासी खैराबाद राजस्थान, अनिल उम्र 28 वर्ष निवासी रामगंज मंडी झालावाड़, रुपनारायण निवासी खैराबाद तथा विजय निवासी खैराबाद घायल हो गये. जिन्हें उपचार के लिए सिविल अस्पताल लाया गया.

जानकारी के अनुसार कार में सवार लोग भोपाल में किसी शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे कि यह घटना हो गई.

### अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई कार

जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार कार एकाएक अनियंत्रित होकर रोड किनारे पेड़ से टकरा गई जिससे यह दुर्घटना हो गई. हादसे में कार में सवार एक युवक ने दम तोड़ दिया. वहीं चार अन्य लोग घायल हो गये. दुर्घटना इतनी जोर की थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई.